तापमान
अधिकतम 31.5 डिग्री
न्यूनतम 16.8 डिग्री

हरिभूमि
# बेमेतरा भूमि


रायपुर, शनिवार 25 मई 2024

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट

10 गोठान-कांजी हाउस में 70 फीसदी मवेशी के मालिक ....



12 कार्यशाला में अतिथियों ने गिनाये अनुभव



# तीन दिन में ड्रॉप आउट बच्चों की जानकारी संकलित कर दें रिपोर्ट

## कलेक्टर ने ली निजी स्कूल संचालकों की बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

■ स्कूल छोड़ने वाले बच्चे क्या कर रहे, पता करें

कलेक्टर रणबीर शर्मा की अध्यक्षता में जिला पंचायत सभागार में मुख्य शिक्षा सचिव के निर्देशानुसार जिले के सभी निःशुल्क और अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार पर अशासकीय स्कूलों के प्रबंधन एवं प्रिंसिपल के साथ बैठक लेकर समीक्षा की । बैठक में कलेक्टर श्री शर्मा ने जिले के समस्त अशासकीय स्कूलों में निःशुल्क और अनिवार्य बाल शिक्षा अधिकार अन्तर्गत निर्धारित पात्रता अनुसार बच्चों के प्रवेश और ड्रॉप आउट बच्चों की जानकारी संकलित करने पर विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने निःशुल्क और अनिवार्य बाल शिक्षा अधिकार अन्तर्गत प्रवेश दिए गए बच्चों को सामान्य बच्चों की तरह शिक्षा प्रदान करने पर जोर देते हुए इन पर किसी प्रकार का भेदभाव नहीं करने के लिए कहा ।

कलेक्टर श्री शर्मा ने स्कूल प्रबंधक से कहा की जिले के गैर अनुदान प्राप्त विद्यालयों के प्रबंधक, प्राचार्यों की बैठक 3 दिन के भीतर बुलाकर यह समीक्षा करें । विद्यालय में कितने विद्यार्थियों ने आरटीई के तहत प्रवेश लिया था। साथ ही उनमें से कितने बच्चे पढ़ाई छोड़कर ड्राप आउट हो गए हैं। यह सभी जानकारी पत्र के ▶▶| शेष पेज 11 पर




### कारणों का पता लगाने किया जाएगा सर्वे

बता दें कि आरटीई में ड्राप आउट के सही कारणों का पता लगाने के लिए सरकार ने अब सर्वे करने का फैसला किया है। स्कूल शिक्षा विभाग के अफसरों के अनुसार यह सर्वे सरकारी स्कूल के शिक्षकों के माध्यम से कराया जाएगा। प्रत्येक शिक्षक को आरटीई में ड्राप आउट हुए बच्चों के पालकों का मोबाइल नंबर दिया जाएगा। शिक्षक पालकों से बात करके पता लगाएंगे कि बच्चा स्कूल क्यों नहीं जा रहा है। इसके पीछे की वजह क्या है। क्या वे पारिवारिक कारणों से स्कूल नहीं जा रहे हैं या स्कूल प्रबंधन इसके लिए जिम्मेदार है।

## खबर संक्षेप

### सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में डिजिटल एक्सरे मशीन की सेवाएं शुरू

**गुरूर।** सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में डिजिटल एक्सरे मशीन की सेवाएं शुरू की गई है। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. जीआर रावटे द्वारा स्टॅाफ की उपस्थिति में शुभारंभ के अवसर पर एक्सरे मशीन को स्टाल किया। अब सीएचसी गुरूर में भी डिजिटल एक्सरे मशीन की सुविधा मरीजों को मिलेगी। इस मशीन के आने से मरीज को रिपोर्ट का इंतजार नहीं करना पड़ेगा। गुणवत्ता पूर्ण परिणाम व डॉक्टर को बीमारी का निदान करने में सुविधा मिलेगी। साथ ही मरीजों को आर्थिक बोझ भी नहीं पड़ेगा। इस अवसर पर कमलेश्वरी रोही, एक्सरे तकनीशियन मिथलेश कुमार साहू, लक्ष्मीकांत साहू, कामिन यादव, प्रशांत ठाकुर एवं स्टॉफ के अन्य सदस्य उपस्थित थे।

### बंगाल सीएम का बयान ओबीसी विरोधीः जायसवाल

**डौंडीलोहारा।** भाजपा नेता व राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के पूर्व सदस्य देवेन्द्र जायसवाल ने कलकत्ता हाईकोर्ट द्वारा तमाम घुसपैठियों को 2010 से जारी किए गए ओबीसी प्रमाण पत्र को निरस्त किये जाने के आदेश का स्वागत किया है। बंगाल की राज्य सरकार नियमों को ताक पर रख कर ओबीसी आरक्षण में डाका डालकर तुष्टिकरण कर वोट की राजनीति करने उनको फायदा पहुंचाने का कार्य किया था। अब न्यायालय के इस आदेश को नहीं मानने का वक्तव्य देकर बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी देश के ओबीसी विरोधी व अपमान करने वाला है। साथ ही साथ न्यायालय की भी अवमानना की है जो निंदनीय ।है इस वक्तव्य का मात्र भाजपा ही विरोध कर रही है। कांग्रेस व इन्डिया गठबंधन में शामिल कोई भी दल विरोध न कर चुप्पी साध रखी है जिससे तुष्टिकरण एक बहुत बड़ा धब्बा बना हुआ है।

### राज झेरिया धोबी समाज बालोद की वार्षिक महासभा 26 को

**बालोद।** राज झेरिया धोबी समाज बालोद की वार्षिक महासभा का आयोजन 26 मई को टाउन हाल मांगलिक भवन जिला अस्पताल में 10 बजे आयोजित होगी। जिसमें पदमश्री से सम्मानित रामलाल बरेठ, छत्तीसगढ़ मुख्यमंत्री के निजी सचिव तुलसी कौशिक, छत्तीसगढ़ रजक महासंघ प्रदेश अध्यक्ष विश्राम निर्मलकर, राज अध्यक्ष भीमसेन निर्मलकर उपस्थिति रहेंगे। समाजिक विकास एवं प्रगतिशील उत्थान हेतु समाजिक गतिविधियो सामाजिक संगठन पर चर्चा की जाएगी।

### करंट से दो मवेशी की मौत

**भिलाई।** करंट की चपेट में आने से दो मवेशी की मौत हो गई। मिली जानकारी के मुताबिक पावर हाउस में बीती रात करंट लगने से दो मवेशी की मौत हो गई है। बुधवार की शाम तेज आंधी तूफान व बारिश के कारण पोल में करंट दौड़ रहा था। इसके चपेट में पास में खडे दो मवेशी आ गए। पावर हाउस जवाहर मार्केट के सामने के बिजली पोल की घटना है।

### दल्लीराजहरा और गुण्डरदेही में मेगा प्लेसमेंट कैंप 29 व 30 को

**बालोद।** शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था दल्लीराजहरा एवं गुण्डरदेही में मेगा प्लेसमेंट कैंप का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें आईटीसी लिमिटेड हैदराबाद के द्वारा महिला ट्रेनी ऑपरेटर के विभिन्न पदों पर भर्ती की जाएगी। शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था दल्लीराजहरा के प्राचार्य ने बताया कि शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था दल्लीराजहरा में 29 मई को सुबह 9 बजे से प्लेसमेंट कैंप का आयोजन किया जाएगा। जिसमें आईटीसी लिमिटेड हैदराबाद के द्वारा ट्रेनी ऑपरेटर पद के लिए प्लेसमेंट कैंप का आयोजन किया जाएगा। जिसमें आईटीओआई से किसी भी ट्रेड में उत्तीर्ण केवल महिला अभ्यर्थी ही शामिल हो सकेंगी।

## घटना

**डॉक्टर से इलाज कराने के नाम से निकला था, जो देर समय बाद भी घर नहीं लौटा**

# गुमशुदा युवक की नाले में मिली लाश, गोताखोरों ने निकाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| साजा-बेमतरा

दो दिनों से गुमशुदा युवक की युवक की लाश मिलने से सनसनी फैल गई। युवक की हत्या या खुदखुशी जांच का विषय बना है। जानकारी के अनुसार ग्राम चोरभट्ठी निवासी नरेंद्र वर्मा 19 वर्ष मंगलवार को डॉक्टर से चेकअप कराने के नाम पर घर से निकला था। उसके बाद उसका कोई पता नहीं चल पाया। इस बीच परिजनों ने तलाशी की, लेकिन

का कोई सुराग नहीं मिला। गुरुवार की दोपहर ग्राम केहका की नदी में एक युवक की लाश देखे जाने के बाद से इलाके में सनसनी फैल गई। घटना को लेकर लोगों में तरह-तरह की चर्चाएं व्याप्त है। युवक की हत्या या आत्महत्या यह सवाल पुलिस के लिए जांच का विषय बना है। युवक नंदू वर्मा पढ़ाई में बहुत तेज था, वहीं इसकी गांव में किसी से कोई दुश्मनी नहीं थी। घर में रहकर या नीट एग्जाम की तैयारी कर रहा था। मृतक के पिता नंदू वर्मा ने बताया कि मंगलवार को पेट दर्द की बात कहकर डॉक्टर से उपचार कराने के नाम से वह चेचानमेटा के लिए निकला था। उसके 1 घंटे बाद उसका मोबाइल बंद हो गया। उन्होंने बताया कि वह साइकिल लेकर घर से निकला था, जिसे आज गोताखोरों ने केहका के कर्रानाले से निकला। घटना में मृतक के जेब से मोबाइल व घड़ी मिली। घटना को लेकर लोगों के बीच तरह-तरह की चर्चाएं व्याप्त है। आखिर यह हत्या है या आत्महत्या, यह तो पुलिस जांच के बाद ही पता चलेगा। घटना की जांच के लिए फोरेंसिक टीम भी पहुंची। वहीं तीन डॉक्टरों के दल ने वीडियो ग्राफी के साथ पोस्टमार्टम किया।

देर शाम भारी गमगीन माहौल में युवक का अंतिम संस्कार किया गया। वह अपने घर के सबसे लाडले दो बहनों के बीच इकलौते भाई की मौत से पूरा परिवार सदमे में है। भाई की लाश को देख बहनों के साथपरिजनों का बुरा हाल था। अपने इकलौती चिराग की मौत का यकीन किसी को नहीं हो रहा था। आखिर नरेंद्र ने आत्महत्या भी की थी तो उसका कारण क्या रहा। यह एक सवाल जो जांच का विषय रहेगा। पूरा गांव गम में डूबा रहा। अंतिम संस्कार में विधायक ईश्वर ने भी पहुंच कर परिवार को ढांढस बंधाया।



### हड्डियां जांच के लिए भेजी गई

पोस्टमार्टम के बाद हड्डियां जांच के लिए मेडिकल कॉलेज भेजी गई
**डॉ. एके वर्मा, खंड चिकित्सा अधिकारी**

### नीट की परीक्षा नहीं दे पाया था युवक

बताया जा रहा है कि मृतक चोरभट्ठी में ही 12 बोर्ड की परीक्षा उत्तीर्ण कर सालभर से नीट परीक्षा की तैयारी कर रहा था। वहीं इसी बीच किसी कारणवश परीक्षा नहीं दिला पाने से थोड़ा मानसिक रूप से परेशान था, जिसके कारण ऐसे कदम उठाये जाने की आशंका जताई जा रही है। हालांकि पुलिस ने इस संबंध में गुमशुदा इंसान की मर्ग कायम कर मामले में अन्य कड़ियों की जांच शुरू कर दी है। इस घटनाक्रम में ग्राम केहका के ग्रामीणों का कहना है कि उक्त नाले में गर्मी में जलस्तर की कमी को देखते हुए कर्रा नाला बैराज से पानी छोड़ा गया है, जिससे नाले में 15 फीट के करीब पानी होने से युवक की डूबने से मौत की बात कही जा रही है। वहीं मृतक के परिचितों का कहना है कि नरेन्द्र वर्मा घर से बाहर ज्यादा नहीं रहता था और उसे तैरना भी नहीं आता था, जिससे यह दुखद घटना घटने की संभावना जताई है।

## रेत व गिट्टी का अवैध परिवहन

# 7 वाहन पकड़े गए 5 प्रकरण में लगाया डेढ़ लाख से अधिक अर्थदंड




हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

■ खनिज विभाग ने लंबे समय बाद की कार्रवाई

खनिज विभाग ने जिले मे चल रहे अवैध उत्खनन, परिवहन व भण्डारण पर रोक लगाने लंबे वक्त बाद 22 से 24 मई तक कार्रवाई की। खान एवं खनिज विकास अधिनियम के तहत जिले में इन दो दिनों में ताबड़तोड़ कार्रवाई करते हुए रेत एवं गिट्टी के अवैध परिवहन पर 7 वाहन पकड़े । इनमें से 5 प्रकरण में अर्थदंड राशि 1लाख 52 हजार रुपए वसूल की गई है। शेष 2 प्रकरण प्रकियाधीन हैं। 4 ट्रकों में अवैध रेत और 3 ट्रकों में गिट्टी का परिवहन किया जा रहा था। खनिज अधिकारी ने बताया है कि सभी मामलों में प्रकरण पंजीबद्ध कर खनिज (अवैध खनन, परिवहन तथा भंडारण का निवारण नियम) 2022 के प्रावधान अनुसार कार्रवाई की जा रही है। बता दें कि पूरे जिले में जमकर खनिज संपदा का उत्खनन जोरशोर से चल रहा है । खास तौर पर बेरला ब्लाक हर गांव में तो खनन माफियायों ने खोद खोद कर जमीन का सीना चीर दिया है। कई स्थानों पर तय परमिट से कई गुना ज्यादा उत्खनन कार्य किया गया है। हालांकि बेरला ब्लाक के साथ साथ बेमेतरा ओर साजा क्षेत्र के दर्जनों स्थानों में अवैध उत्खनन का कार्य जारी है।

**अघोषित रूप से घंटों बंद हो रही विद्युत**

# बिजली की आंखमिचौली से नगरवासी हो रहे परेशान

हरिभूमि न्यू:बेमेतरा/ थान खम्हरिया

थानखम्हरिया व आसपास ग्रामीण अंचल के किसान विद्युत विभाग की कार्यशैली से परेशान व हलाकान हैं। आए दिन बिजली की अघोषित कटौती के साथ दिन में 10 से 15 बार ट्रिपिंग से शासकीय विभागों का ऑनलाइन काम भी प्रभावित हो रहा है। मेंटेनेंस के नाम से बिजली बंद करना आम बात हो गई है। वही रोज शाम को आंधी आने की आशंका के नाम पर बिजली बंद कर दी जाती है । जैसे जैसे गर्मी बढ़ती जा रही है , बार-बार बिजली बंद हो रही है।

व्यापारियों का कहना है कि अघोषित बिजली बंद होने से विद्युत आधारित व्यापार व्यवसाय प्रभावित हो रहा है। ग्रामीण अंचल में भी रात- रातभर बिजली बंद रहती है, जिससे लोगों की नींद के कारण स्वास्थ्य पर भी बुरा असर पड़ रहा है। इसके बावजूद बिजली विभाग के उच्चाधिकारी आंख बंद किए बैठे हुए हैं। यहां का बिजली विभाग तुलसी सिन्हा के भरोसे चल रहा है। समस्याओं के संदर्भ में कार्यपालन अभियंता अनिल सोनी से फोन से संपर्क किया गया तो वे अपना पल्ला झाड़ते नजर आए। थान खमरिया नगर पंचायत क्षेत्र घनी आबादी वाला नगर है। यहां पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तहसील ऑफिस, महाविद्यालय स्थित है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में गर्भवती महिलाओं का छोटा बड़ा ऑपरेशन होता है। बार-बार बिजली बंद होने से काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। नगरवासी एवं जनप्रतिनिधि ने समय पर सुधार करने की मांग की गई है। अन्यथा नगरवासियों को बिजली के लिए सड़कों पर उतरना पड़ेगा।



# उर्वरकों का पीओएस मशीन के माध्यम से ही करें वितरण

## जिला पंचायत सीईओ ने किया बेरला विख की सेवा सहकारी समितिओं का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत टेकचंद अग्रवाल ने सेवा सहकारी समिति बारगांव, आनंदगांव एवं खुड़मुडा विकासखंड बेरला का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान सेवा सहकारी समिति के गोदाम में भण्डारित उर्वरक यूरिया, डी.ए.पी., पोटास, एन.पी.के. व अन्य खाद के संबंध में जानकारी ली गई।

निरीक्षण के समय समिति बारगांव में 3.24 मीट्रिक टन यूरिया, 25.75 मीट्रिक टन डी.ए.पी., 17.85 मीट्रिक टन पोटाश व 18.6 मीट्रिक टन सिंगल सुपर फास्फेट समिति खुड़मुड़ा में 21.51 मीट्रिक टन यूरिया, 49.95 मीट्रिक टन एन.पी.के, व 6.3 मीट्रिक टन सिंगल सुपर फास्फेट एवं समिति आनंदगांव में 22.77 मीट्रिक टन यूरिया, 21.6 मीट्रिक टन डी.ए.पी., 8.85 मीट्रिक टन पोटाश व 4.8 मीट्रिक टन सिंगल सुपर फास्फेट उपलब्ध था । मुख्य कार्यपालन अधिकारी द्वारा समिति में भण्डारित खाद को जल्द से जल्द वितरण करने एवं समय पूर्व आर.ओ. डी.डी. जारी करने ताकि समय पर खाद् भण्डारण हो सके। यूरिया, डी.ए.पी. के उपयोग को कम करने एवं नैनो यूरिया के उपयोग को बढ़ावा देने के साथ-साथ डी.ए.पी के विकल्प के रूप में एन.पी.के व सिंगल सुपर फास्फेट का उपयोग करने कृषको के मध्य अधिक से अधिक प्रचार-प्रसार करने हेतु निर्देशित किया गया। सभी समितियों के उपस्थित समिति प्रबंधको को उपलब्ध उर्वरकों का पीओएस मशीन के माध्यम से ही वितरण करने हेतु निर्देशित किया गया। निरीक्षण के दौरान उप संचालक कृषि एम.डी. डड़सेना, सहायक संचालक कृषि जितेन्द्र ठाकुर, प्र. वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी वि.खं.-बेरला देवानंद देवांगन, ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी समिति प्रबंधक, सहायक समिति प्रबंधक एवं कृषकगण उपस्थित थे।



## शासकीय प्राथमिक शाला मोहतरा विकासखंड नवागढ़ में चल रह शिविर

# समर कैंप में छात्र- छात्राएं सीख रहे पर्यावरण का संरक्षण करना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

शासकीय प्राथमिक शाला मोहतरा विकासखण्ड नवागढ़ में चल रहे समर कैम्प में बच्चे पर्यावरण का संरक्षण करना सीख रहे हैं। विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से बच्चों का आत्मविश्वास बढ़ाया जा रहा है।

■ पेड़ लगाएं, ये पीढ़ियों को देगा ताजी हवा

शासकीय प्राथमिक शाला मोहतरा में समर शिविर का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें बच्चे काफी उत्साहित नजर आ रहे हैं। यह समर कैम्प प्रधान पाठक ओमन भास्कर और सुमन लता साहू द्वारा संचालित किया जा रहा है। कैम्प में बच्चे रोज कुछ नया सीख रहे हैं। इसी कड़ी में बच्चे पर्यावरण संरक्षण करना सीख रहे। भरी गर्मी में पौधों को पानी देकर अपने भविष्य को संवारने में लगे ये छोटे छोटे बच्चे पौधों की सिंचाई करते है। उन्हें पानी देते है। उनका संरक्षण कर रहे है। उनकी देखभाल कर रहे है। इस प्रकार बच्चे पर्यावरण सुरक्षा कर लोगों को जागरूक कर रहे हैं। प्रधानपाठक ओमन भास्कर के निर्देशन में यह कार्य हो रहा है। बच्चों के सहयोग से स्कूल परिसर में बहुत सारे पौधे लगाए गए हैं, जिन्हें सहेजकर रखा गया है। शिक्षिका सुमनलता साहू ने बताया कि ये पौधे जीवन भर हमें शुद्ध हवा और छाया, शीतलता और हरियाली, फल, फूल, बीज, पत्तियाँ, लकड़ी प्रदान करता रहेगा। पीढ़ी दर पीढ़ी लोगों को शुद्ध हवा देता रहेगा। आज ये पौधे छोटे है कल वृक्ष बन जायेंगे तो पूरे वातावरण को शुद्ध रखेंगे। एक दृढ़ संकल्पित इरादों के साथ बच्चे पर्यावरण को बचाने में जुटे हैं। बच्चों का यह प्रयास निश्चित रूप से सफल होगा।



### गतिविधियों से बढ़ा रहे आत्मविश्वास

विद्यालय की नवाचारी शिक्षिका सुमन लता साहू बच्चों को विभिन्न प्रकार की गतिविधियां करवा कर उनकी आत्मविश्वास को बढ़ाने में मदद कर रही है। चार्ट, चित्र, हरबेरियम, रंगोली, मेंहदी, पापड़ बनाना, व्याकरण, संस्कृति की शिक्षा, दे उन्हें अच्छी अच्छी चीजें सीखा रही है। बच्चे भी इस कार्यक्रम में भाग लेकर समर कैम्प में विभिन्न गतिविधियां सीख रहे हैं और अत्यंत खुश नजर आ रहे है।

### नदी से रेत खनन, सलौनी में गहराया पेयजल संकट

**बालोद ।** ग्राम सलौनी के 100 से अधिक ग्रामीण नदी में रेत के अवैध उत्खनन को बंद कराने की मांग को लेकर कलेक्टोरेट कार्यालय पहुंचे, जहां ग्रामीणों ने खनिज अधिकारी और अपर कलेक्टर को आवेदन सौंपकर कार्रवाई की मांग की। ग्रामीणों ने कार्यवाही नहीं होने पर धरना प्रदर्शन की चेतावनी दी है। ग्रामीणों ने आवेदन में कहा कि, इससे पूर्व भी ग्राम सलौनी में स्थित तांदुला नदी में रेत उत्खनन के लिए स्वीकृति अनुसार वर्ष 2023 में ठेकेदार द्वारा रेत खनन का कार्य किया जा रहा था।

हरिभूमि **पाठक सूचना**

बेमेतरा जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

8319154342, 8224868411

